भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या**-2356

उत्तर देने की तारीख-18/12/2023

**महाराष्ट्र और ओडिशा में नए केन्द्रीय विद्यालयों हेतु प्राप्त प्रस्ताव**

†**2356. श्री राहुल रमेश शेवाले:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ मुंडे:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और ओडिशा से नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;
(ख) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव पर क्या कार्रवाई की गई है; और
(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान नए केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना के लिए आबंटित, जारी और खर्च की गई निधि का विशषेकर महाराष्ट्र सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

(क) और (ख) नए केंद्रीय विद्यालय (केवि) खोलना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करने हेतु मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरणीय केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किए जा सकते हैं, जिसमें मानदंडों के अनुसार नए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता होगी। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य में रायगढ़, क्योंझर और गंजम में सिविल क्षेत्र के तहत 03 केंद्रीय विद्यालय और एमसीएल जगन्नाथ क्षेत्र, एमसीएल सुभद्रा क्षेत्र और आईआईटी भुवनेश्वर में परियोजना/उच्च शिक्षा संस्थान के तहत 03 केंद्रीय विद्यालय खोले गए थे। इसके अलावा, एनआईटी राउरकेला में एक नया केवि खोलने और शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से इस केवि को कार्यात्मक बनाने के लिए केविसं द्वारा आदेश जारी किया गया है। पिछले पांच वर्षों के दौरान, महाराष्ट्र राज्य में वाशिम और परभणी में सिविल क्षेत्र के तहत 02 केंद्रीय विद्यालय खोले गए। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रायोजक प्राधिकारी/ओडिशा राज्य सरकार से प्राप्त 08 प्रस्ताव और प्रायोजक प्राधिकारी/महाराष्ट्र राज्य सरकार से प्राप्त 03 प्रस्ताव विभिन्न स्तरों पर जांच/प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं और मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन हैं।

(ग) केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) को हर वर्ष अनुदान सहायता के रूप में राज्य / केंद्रशासित प्रदेश / विद्यालय- वार नहीं बल्कि समेकित आधार पर बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। केविसं को केवि खोलने और कार्यात्मक करने के लिए बजटीय सहायता तीन अलग-अलग लेखा शीर्षों अर्थात वेतन, सामान्य और पूंजीगत संपत्ति का निर्माण के तहत दी जाती है। पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान केविसं को जारी/आवंटित और खर्च की गई धनराशि इस प्रकार है:

(रु. करोड़ में)

| **वर्ष** | **आवंटित धनराशि** | **वास्तविक व्यय*** |
|---|---:|---:|
| 2018-19 | 5006.75 | 5210.59 |
| 2019-20 | 6331.40 | 6495.95 |
| 2020-21 | 6437.68 | 6613.58 |
| 2021-22 | 6800.00 | 6918.95 |
| 2022-23 | 7461.25 | 7612.06 |
| * अनुदान के अलावा अतिरिक्त व्यय, केविसं की आंतरिक प्राप्ति से पूरा किया जाता है। | | |

*****